रूचि रियल इस्टेट डायरेक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला

1 करोड़ 16 लाख का लगाया चूना

छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई नगर, 8 फरवरी। रूचि रियल इस्टेट के डायरेक्टर मौलीधरम वीरम के खिलाफ कोतवाली भिलाई में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। एएसआई जलालुद्दीन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एक करोड़ 16 लाख रूपये की धोखाधड़ी का आरोप है।

सेक्टर-5 निवासी अर्चना श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, नागपुर निवासी रश्मि जैन ने आरोपी को किस्तों में 30 लाख, 20 लाख, 25 लाख तथा 31 लाख रूपये की रकम भूमि विकास प्रोजेक्ट में लगाने के लिए दिए थे। आरोपी ने इन्वेस्ट के एवज में प्रतिमाह 2 प्रतिशत लाभांश देने की बात की थी, लेकिन उसने किसी को भी यह लाभांश नहीं दिया। प्रकरण में विवाद बढ़ने के बाद आरोपी ने पीड़ितों को 4 चेक के माध्यम से 1 करोड़ 16 लाख रूपए दिए। इसके बाद वह पीड़ितों को धमकाने लगा कि उसकी पहचान मंत्रियों और अधिकारियों से है। यही नहीं, पैसे की बात को लेकर कई बार रवि द्वारा पीड़ितों को धमकाया भी जाने लगा। इससे दहशतजदा पीड़ितों ने इसकी लिखित शिकायत गृहमंत्री से की। जिसके बाद मंगलवार रात पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी का राजधानी रायपुर स्थित लालगंगा शॉपिंग मॉल के द्वितीय तल में शॉप नंबर 221 और 222 में दफ्तर है। मामले की विवेचना की जा रही है। रूचि रियल इस्टेट के डायरेक्टर वीरम पर रायपुर में भी धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।

फुटबाल कैम्प में रोजन चयनित

छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई नगर, 8 फरवरी। इस्पात नगरी के उभरते फुटबाल खिलाड़ी रोजन पाल का चयन अण्डर सेवेन्टिन बॉयज सलेक्शन कैम्प के लिए ऑल इंडिया फुटबाल फेडरेशन द्वारा किया गया है।

यह कैम्प गोवा में 10 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा। रोजन भिलाई के एमजीएम स्कूल में कक्षा नवमीं के विद्यार्थी हैं तथा इनके पिता आरसी पाल एवं माता स्मृति पाल हैं। छत्तीसगढ़ फुटबाल संघ के सेक्रेटरी डॉ. जीडी गांधी तथा रोजन कुमार पाल के विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, परिजनों, मित्रों एवं भिलाई के खेलप्रेमियों ने रोजन की इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

संक्षिप्त खबरें

आठ लाख का चिल्हर वितरित

भिलाई नगर, 8 फरवरी। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज को पंजाब एंड सिंघ बैंक सेक्टर-6 से 8 लाख की प्राप्त करेंसी चेम्बर के सदस्यों में वितरित की गई। चेम्बर के मिडिया प्रभारी संतोष सचदेव ने बताया कि पंजाब एंड सिंघ बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक हरजिंदर सिंह भाटिया चेस्ट प्रबंधक तापस कुमार पात्रो के सहयोग से 10 रूपये की 3 लाख रूपये, 20 रूपये की 3 लाख और 50 रूपये की 2 लाख रूपये सहित 8 लाख की करेंसी को चेम्बर उपाध्यक्ष अखराज ओस्तवाल व युवा चेम्बर अध्यक्ष अजय भसीन, अजय पंजवानी के सहयोग से चेम्बर के सदस्यों को वितरित किया गया।

खुर्सीपार में मनी रविदास जयंती



भिलाई नगर, 8 फरवरी। महापुरूष संत रविदास की जयंती खुर्सीपार में विनोद कोलते के नेतृत्व में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिला कार्यकारिणी सदस्य आर डी कोरी ने संत रविदास के फोटो चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की तादाद में उपस्थित पुरूष, महिलाएं एवं स्कूली छात्र-छात्राएं को श्री कोरी ने रविदास जयंती और माघपूर्णिमा की बधाई दी।

तेजी से विकास में मदद करेगा ई गवर्नेस-चोपड़ा

धमतरी, 8 फरवरी। क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत प्रदेश के निगम, मंडल के अध्यक्ष, आयुक्त तथा वरिष्ठ अधिकारियों को हैदराबाद में तीन दिवसीय ट्रेनिंग ई गवर्नेस की दी गई।

प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे नि:शक्तजन आयोग अध्यक्ष इंदर चोपड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने प्रदेश में विकासोन्नमुखी और सुशासन लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की दिशा में तेजी से कार्य प्रारंभ किया है। प्रदेशभर में ई-गवर्नेस सेवा के जरिए लगभग सभी प्रमुख कार्यों को इसमें समाहित करने का बीड़ा उठाया है। प्रारंभ में राज्य के 6 जिलों में इसे चालू किया गया है।

ई-गर्वनेस में राशन वितरण प्रणाली, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, निवास-आय प्रमाण पत्र, बिजली का भुगतान समेत अन्य महत्वपूर्ण कार्य एक ही केन्द्र में किस तरह किया जाए, इसे लेकर तेजी से कार्ययोजना बनाई जा रही है।

हैदराबाद में तीन दिन के प्रशिक्षण में ई-गवर्नेस और इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रत्येक जनप्रतिनिधि और अफसर को किस तरह इन सेवाओं की जानकारी हो इससे अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में श्री चोपड़ा के अलावा छत्तीसगढ़ महिला आयोग अध्यक्ष विभा राव, स्टेट वेयरहाउस अध्यक्ष अशोक बजाज, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सोमनाथ यादव, बीज विकास निगम अध्यक्ष श्याम बैस, बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष यशवंत जैन, चार संसदीय सचिव सियाराम साहू, भैय्यालाल रजवाड़े, श्री कोर्सेवाड़े समेत 4 आईएएस अफसर शामिल थे।

कब्जा हटाने डाकघर- शासकीय आवासगृह का अहाता तोड़ा

छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 8 फरवरी। सड़क चौड़ीकरण की औपचारिकता निभाते हुए प्रशासन द्वारा कल शाम डाकघर एवं एक शासकीय आवासगृह का अहाता तोड़ा गया। जबकि कई प्रभावशाली लोगों के बेजाकब्जा के कारण संकीर्ण हो चुके राष्ट्रीय राजमार्ग से कब्जा हटाने इस बार भी प्रशासन ने अपना हाथ खींचा।

कल शाम लगभग 4 बजे नायब तहसीलदार के साथ अतिक्रमण तोड़ूदस्ता की 10 लोगों की टीम राष्ट्रीय राजमार्ग से कब्जा हटाने निकली। अतिक्रमण तोड़ू दस्ता ने जेसीबी मशीन से पहले एक शासकीय चिकित्सक के सरकारी आवास के अहाता को तोड़ा। तत्पश्चात जिला मुख्यालय के मुख्य डाकघर के अहाता को ध्वस्त किया। चूंकि दोनों ही प्रभावित भवन शासकीय थे इसलिए प्रशासन को कोई विरोध का सामना नहीं करना पड़ा।

राष्ट्रीय राजामार्ग पर बढ़े अतिक्रमण के परिणाम स्वरूप नगरसीमा में सड़क अत्याधिक संकरा हो चुका है। जिससे हादसों की संख्या बढ़ गई हैं। इधर राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण नहीं होने से जन आक्रोश बढ़ रहा है। लेकिन चौड़ीकरण के नाम पर प्रशासन एवं अतिक्रमणकारियों की आंख मिचौली से प्रशासन की पहले ही किरकिरी हो चुकी है। प्रशासन द्वारा चौड़ीकरण को लेकर ऐसे कब्जे तोड़े गये जिसका कोई विरोध नहीं कर सकता। अब तक टिकरापारा स्थित संतोषी मंदिर को तोड़ा गया। इसके पश्चात कल डाकघर के अहाता एवं एक शासकीय आवास का अहाता तोड़ा गया जबकि इसके पूर्व जेल प्रशासन ने जेल अहाता को स्वयं ही हटाया है।

उल्लेखनीय है कि प्रमुख बड़े कब्जाधारी जिनकी वजह से नगर का यातायात बाधित होता है, प्रशासन इन पर हाथ डालने पीछे हट रही है। नगर में अतिक्रमणकारियों एवं प्रशासन के बीच की यह आंखमिचौली पिछले 20 वर्षों से चल रही है जिसके चलते आज के अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को भी महज औपचारिकता समझा जा रहा है।

माइलस्टोन में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव

भिलाई नगर, 8 फरवरी। माइल स्टोन अकादमी में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। शाला के सत्रहवें वार्षिक उत्सव के पहले दिन पीजी-1, पीजी-2 एवं एलकेजी के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि महापौर निर्मला यादव थीं।

पीजी-1 पीजी-2 एवं एलकेजी के बच्चों द्वारा क्रमश: छोटी सी आशा पोटली वाला बाबा एवं छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रांतों के नृत्य प्रस्तुत किए गए। दूसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएल कुर्रे डीईओ दुर्ग थे। इस दिन यूकेजी, क्लास-1 और क्लास-2 के कुल 750 बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई।

जिसके अंतर्गत भारत के स्वर्णिम आरंभ की कहानी, संघर्षशील भारत एवं आज के विकासशील भारत को खूबसूरती के साथ दर्शाया गया। शाला की प्राचार्या द्वारा शाला में होने वाली अनेक गतिविधियों एवं नए सत्र से हर कक्षा में स्मार्ट क्लास प्रारंभ होने की जानकारी दी गई।

वैशाली नगर कॉलेज में अभिभावक शिक्षक सम्मेलन

भिलाई नगर, 8 फरवरी। महाविद्यालय का चौमुखी विकास शिक्षक-अभिभावक एवं विद्यार्थियों के परस्पर सहयोग तथा सामंजस्य से ही संभव है। छात्र कल्याण को ध्यान में रखकर पिछड़े और कम मेधावी विद्यार्थियों की उन्नति के लिये अवसर की समानता केन्द्र रेमेडियल कोचिंग सेंटर, रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र तथा रिसोर्स पर्सन सेंटर आदि वैशाली नगर कॉलेज में संचालित है।

अध्ययन की उत्तरोत्तर उत्कृष्टता को ध्यान में रख कर मासिक यूनिट टेस्ट, तिमाही, छमाही तथा प्री-फाइनल परीक्षाओं संचालित होती है। विगत दिनों कॉलेज में अभिभावक शिक्षक सम्मेलन सम्पन्न हुआ जिसमें विद्यार्थियों की कक्षावार नियमित उपस्थिति, पाठ्यक्रम पूर्ति, अनुशासन व्यवस्था, विश्वविद्यालयीन प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक परीक्षा एवं भावी जॉब आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर प्राचार्य महेश चंद्र शर्मा, के एन यादव, धनेश शर्मा, अर्जुन पंडित, साधुराम निषाद, श्रीमती मायादेवी गुप्ता, नकुल प्रसाद परगनिहा, श्रीमती इंद्रावती देवी, गजाधर साहू, अभिषेक देवांगन, गोपचंद माहेश्वरी, दिलीप बावने, श्रीमती गंगादेवी, श्रीमती कलावती तथा श्रीमती बी सरोजिनी आदि ने विचार रखे।

नक्सलवादी गतिविधियों में मृत लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता

कांकेर, 8 फरवरी। नक्सलवादी गतिविधियों में मृत लोगों के आश्रित परिजनों को पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविन्द एक्का द्वारा जारी आदेशानुसार 19 जुलाई 2011 को नक्सलवादी घटना में मृतक राजकुमार ध्रुव की पत्नी कांति बाई ध्रुव को 2 लाख रूपये, 27 मार्च 2011 को नक्सल घटना में मृत मेघनाथ ध्रुव की पत्नी रैमोतीन ध्रुव को दो लाख रूपये और 14 अगस्त 2010 को नक्सली घटना में मृतक धनेश उर्फ रोहित उईके की पत्नी सुकारो उइके को एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

अमृतसर के लिए रायगढ़-बिलासपुर से चले सुपरफास्ट

छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत की मांग

छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई नगर, 8 फरवरी। छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत के तत्वावधान में भिलाई-दुर्ग के सभी गुरूद्वारों का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सरदार दिलीप सिंह होरा के नेतृत्व में मिला। छग के सिक्ख समाज द्वारा पिछले 25 वर्षों से श्री दरबार साहिब, श्री हरमंदर साहिब अमृतसर के लिए रायगढ़ अथवा बिलासपुर से एक सुपरफास्ट ट्रेन चलाए जाने की मांग की जा रही है। इसी मांग को छत्तीसगढ़ की जनता को ओर से 8 फरवरी को केन्द्रीय रेल मंत्री दिनेश त्रिवेदी के समक्ष रखे जाने हेतु अनुरोध मुख्यमंत्री से किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सिक्ख समाज के प्रतिनिधिमंडल को केन्द्रीय रेल मंत्री में मिलवाने का आश्वासन दिया।

गौरतलब कि छग सिक्ख पंचायत का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय सांसद सरोज पांडेय से भी मिलकर इस मांग को रख चुका है। सांसद ने भी आश्वास्त किया कि वे रेलमंत्री से इस बावत चर्चा करेंगी। पंचायत द्वारा संभागीय रेल प्रबंधक पीएस मिश्रा से भी इस मांग को लेकर दो बार मिल चुका है। संभागीय रेल उपभोक्ता समिति के सदस्य उपकार सिंह बिट्ट भी 19 जुलाई को समिति की बैठक में इस आश्य का प्रस्ताव रख चुके हैं।

सिक्ख पंचायत ने मांग की है कि तात्कालिक समाधान के रूप में दुर्ग में जम्मू तक जानेवाली ट्रेन जो जालंधर से जम्मू के लिए मुड़ जाती है। उसे अमृतसर तक लेजाकर वहां से जम्मू के लिए मोड़ा जाय। रेल्वे इस मांग को सहज हो पूरा कर सकता है। डीआरएम, पीएस मिश्रा ने इस आशय का प्रस्ताव बिलासपुर जोन को और जोन ने इस रेल्वे बोर्ड को भेज दिया है। पंचायत, इस ट्रेन में प्रतिदिन करने और अमृतसर तक ले जाने की मांग को लेकर निरंतर प्रयासरत है।

छग सिक्ख पंचायत के चेयरमेन मनजीत सिंह सौधी, महासचिव सुरेन्द्र केम्बो, उपाध्यक्ष स्वर्ण सिंह केम्बो, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य उपकार सिंह बिट्टू, गुरूद्वारा नानकसर नेहरू नगर के अध्यक्ष सुरजीत सिंह होरा, गुरूद्वारा गुरूनानक नगर के अध्यक्ष जसबीर सिंह चहल, महासचिव जसबीर सिंह भामरा, चरण सिंह, डॉ. कर्मजीत सिंह आदि निरंतर इस मांग के समर्थन में प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग चांपा संभाग चांपा

निविदा सूचना क्रमांक 1048 / व.ले.लि./ चांपा, दिनांक 01,01,12

बेरोजगार डिप्लोमा इंजीनियरों को रोजगार उपलब्ध कराने बाबत् विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ शासन राज्यपाल की ओर से प्रपत्र 'ए' (ए) के प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय रायपुर द्वारा भवन कार्य हेतु दिनांक 01.06.2009 बिना संशोधित एस.ओ.आर. पर मुख्य अभियंता लो.नि.वि. बिलासपुर में ग्रुप 'अ' में पंजीकृत बेरोजगार डिप्लोमा इंजीनियरों से निम्न कार्यों हेतु एकल लिफाफा पद्धति से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि - 17.02.2012 सायंकाल 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र विभाग में जमा करने की तिथि - 22.02.2012 सायंकाल 5.30 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथि - 23.02.2012 सायंकाल 5.30 बजे तक

क्र.	ग्रुप	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	आमंत्रण क्रमांक
1	2	3	4	5	6
1	अ	खरौद में आई टाइप क्वार्टर का निर्माण कार्य	4.30	तीन माह वर्षा ऋतु सहित	प्रथम आमंत्रण
2	अ	शासकीय महाविद्यालय खरौद में सामुदायिक हाल का निर्माण कार्य	1.92	दो माह वर्षा ऋतु सहित	प्रथम आमंत्रण

आवश्यक शर्तें:-

1. जिस ग्रुप के लिए आवेदन दिया जा रहा हैं। मुख्य अभियंता लो.नि.वि. बिलासपुर द्वारा अ ग्रुप में पंजीकृत होना आवश्यक हैं।
2 एक व्यक्ति एक ही कार्य के लिये निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन कर सकते हैं।
3 कार्य आबंटन के उपरांत 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही दूसरा कार्य आबंटित किया जाएगा।
4 एक बेरोजगार डिप्लोमा इंजीनियर को एक वर्ष में आबंटित कार्य की अधिकतम सीमा रु. 40.00 लाख होगी।
5 एक बार में रु. 10.00 लाख के अंदर ही कार्य आबंटित किया जावेगा।
6 पंजीयन पुस्तक की मूल प्रति जमा करने पर ही आवेदन पत्र स्वीकार किये जावेगें।
7 उपरोक्त तिथियों में अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस में कार्यवाही की जावेगी।
8 5 प्रतिशत सुरक्षा निधि के रूप में चल एवं अंतिम प्रत्येक देयक से काटी जावेगी।
9 निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।
10 उपलब्ध आबंटन एवं साख पत्र के आधार पर भुगतान की जावेगी।
11 प्रत्येक चालु एवं अंतिम देयक की राशि में से 1 प्रतिशत श्रमिक उपकर के रूप में काटा जाना प्रस्तावित हैं।
12 निविदा दर अंकों एवं शब्दों में अनिवार्यत: स्पष्ट उल्लेख किया जावें (गवाह सहित) अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
13 संबंधित बेरोजगार अभियंता को स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर ही एवं निविदा प्रपत्र लेने के लिए स्वयं उपस्थित रहना होगा। किसी अन्य व्यक्ति को आवेदन पत्र देना स्वीकार नहीं होगा।
14 शपथ पत्र (स्टाम्प में) जो की पंजीयन के समय प्रस्तुत किया गया था, निविदा जारी तिथि के बाद का प्रस्तुत करें।
15 वैद्य बैंक गारंटी प्रस्तुत करने के उपरांत ही 10 प्रतिशत मोबालाईजेशन एडवांस दिया जाएगा। यह राशि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 15 प्रतिशत होगी।
16 शेष शर्त अनुबंधानुसार रहेगा।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
चांपा संभाग, चांपा

जी-18777

कृषि और उद्योग में महिलाओं की भागीदारी कम नहीं

महिला स्व-सहायता समूहों ने विकास में बढ़ाए कदम

छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 8 फरवरी। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में ग्रामीण उद्यमिता विकास अवसर एवं चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के समापन अवसर पर अतिथि वक्ताओं ने अपने शोध पत्रों का वाचन करते हुए कृषि और उद्योग धंधों में महिलाओं की भागीदारी को कमतर आंके जाने को गलत बताते हुए कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों ने विकास के मार्ग में सहभागिता करते हुए अपने कदम बढ़ा दिए हैं। समापन समारोह के अवसर पर पं. रवि शंकर शुक्ल विश्व विद्यालय प्रबंधक संस्थान के प्रो. डॉ. आरपी दास ने विषय विशेषज्ञ की हैसियत से अतिथि वक्ताओं को संबोधित करते कहा है कि जिस देश में गांव का विकास नहीं होगा, वह देश कभी विकास नहीं कर पाएगा।

डॉ. दास ने कृषि आधारित विकास को ही पर्याप्त न मानते हुए उद्योगों के विकास पर भी बल दिया है। उन्होंने व्यवसायियों, कृषकों, उद्योगपतियों आदि की समस्याओं के प्रति सरकार को गंभीरता का परिचय देने की बात भी कही है। इस अवसर पर चेयरपर्सन महाप्रबंधक उद्योग एनके तिवारी ने वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताते हुए शासकीय नीतियों का खुलासा किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मानपुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर ने ग्रामीण क्षेत्रों के पर्याप्त विकास को ही उद्योगों के विकास की पूंजी माना है। डा. टांडेकर ने जोर देते हुए कहा कि गांव की आधारभूत जरूरतों को पहचानते हुए उनके लिए विकास का मार्ग खोलना ही सही मायने में सार्थक कदम हो सकता है।

कॉमर्स लैब का उद्घाटन

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में ग्रामीण उद्यमिता विकास अवसर एवं चुनौतियां विषय पर वक्ताओं के विचार जानने से पूर्व वाणिज्य संकाय के अंतर्गत विद्यार्थियों के लाभार्थ जिले के प्रथम कॉमर्स लैब का उद्घाटन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. एचएस भाटिया ने बताया कि कॉमर्स लैब की शुरूआत विद्यार्थियों को प्रायोगिक जानकारी से जोड़ सकेगी। इसके अंतर्गत बैंकिंग से लेकर बीमा और व्यवसाय के क्षेत्र में आने वाले परिवर्तनों एवं विकास को डायग्राम के माध्यम से दिखाते हुए आकर्षक रूप प्रदान किया गया है।

एन.एम.डी.सी. लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम) (आईएसओ-9002 कम्पनी)
बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरन्दुल कॉम्पलेक्स
किरन्दुल- 494556, जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) ग्राम- आयरन ओरे, फैक्स- 07857-255226, 255227

बी.आई.ओ.एम. किरन्दुल / कॉम / सिविल / 3677 / 2012 दिनांक : 04.02.2012

:: प्रेस अधिसूचना ::

बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरन्दुल काम्पलेक्स, किरन्दुल निम्नलिखित कार्य हेतु दो बोली पद्धति में सील बंद निविदा उचित श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित करती है जिनका पंजीयन केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, राज्य लोक निर्माण विभाग, केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों, रेलवे एवं सैनिक अभियांत्रिक सेवाओं के साथ हो। निविदा प्रपत्र संयुक्त महाप्रबंधक (सिविल) एन.एम.डी.सी. लिमिटेड के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्रों का विक्रय केवल किरन्दुल में ही होगा लेकिन निविदा प्रपत्रों को नीचे लिखी वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु.)	कार्य पूरा करने की अवधि (माह में) (वर्षा ऋतु को छोड़कर)	निविदा प्रपत्र विक्रय अवधि	निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि	निविदा खुलने की तिथि व समय	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	बी.आई.ओ.एम. किरन्दुल काम्पलेक्स डिपॉजिट 11 सी. में सी.आई.एस.एफ. बैरक का निर्माण	65.68 लाख (सेवा कर को छोड़कर)	65700/-	12 (बारह) माह	13.02.2012 से 12.03.2012 तक 16.00 बजे	13.03.2012 को 15.00 बजे तक	13.03.2012 को 15.30 बजे	1000/- रु. (वैट 5% अतिरिक्त)
2.	कैलाश नगर बैलाडील डिपॉजिट 14 में सी.आई.एस.एफ. बैरक का निर्माण	65.68 लाख (सेवा कर को छोड़कर)	65700/-	12 (बारह) माह	14.02.2012 से 15.03.2012 तक 16.00 बजे	16.03.2012 को 15.00 बजे तक	16.03.2012 को 15.30 बजे	1000/- रु. (वैट 5% अतिरिक्त)
3.	[illegible] किरन्दुल तक सड़क का डामरीकरण (ब्लाक टॉपिंग)	33.85 लाख (सेवा कर को छोड़कर)	33900/-	6 (छह) माह	16.02.2012 से 20.03.2012 तक 16.00 बजे	22.03.2012 को 15.00 बजे तक	22.03.2012 को 15.30 बजे	500/- रु. (वैट 5% अतिरिक्त)
4.	[illegible] 30000 क्यूबिक मीटर [illegible] किरन्दुल तक परिवहन वर्ष 2011-12 के लिये (चतुर्थ चरण)	47.10 लाख (सेवा कर को छोड़कर)	47000/-	6 (छह) माह	13.02.2012 से 02.03.2012 तक 16.00 बजे	03.03.2012 को 15.00 बजे तक	03.03.2012 को 15.30 बजे	500/- रु. (वैट 5% अतिरिक्त)

निविदा आमंत्रण सूचना, पात्रता की पूर्व शर्तें, अन्य निविदा शर्तों एवं संपूर्ण पता तथा जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे हमारी वेब साइट www.nmdc.co.in पर जाएं।

एन.एम.डी.सी. लिमिटेड के लिये एवं पक्ष में
महाप्रबंधक
बी.आई.ओ.एम. किरन्दुल काम्पलेक्स